# बीमा कर्मचारियों ने की हड़ताल



## नई भर्ती व ट्रेड यूनियन मान्यता की मांग

**शहडोल, देशबन्धु।** एल आई सी में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में नई भर्ती आरंभ करने तथा ट्रेड यूनियन को मान्यता प्रदान किये जाने की मांग पर बीमाकर्मियों ने देश भर में 20 फरवरी को एक घंटे की बहिर्गमन हड़ताल कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। हड़ताल का आव्हान ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन द्वारा किया गया था। शहडोल मंडल के 12 शाखा कार्यालयों में भी भोजनावकाश के एक घंटा पूर्व एलआईसी कर्मी हड़ताल पर चले गए तथा कार्यालयों के बाहर आकर प्रदर्शन कर सभाएं ली।

मंडल कार्यालय में मुख्य हड़ताली सभा को संबोधित करते हुए शहडोल डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन के महासचिव कॉमरेड स्वर्णेन्दु दास ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार सार्वजनिक व सरकारी क्षेत्रों में स्थाई प्रकृति के कार्यों का ठेकाकरण कर रही है। यही कारण है कि एल आई सी सहित सारे सार्वजनिक क्षेत्रों में नियमित कर्मचारियों की भर्ती बंद है और ठेका कर्मचारियों की संख्या बढती जा रही है। यह प्रक्रिया देश के करोड़ों बेरोजगार नौजवानों के भविष्य के साथ सीधे खिलवाड है। उन्होंने कहा कि एल आई सी में निरंतर बढ़ते व्यवसाय के कारण कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ बढ़ा है। नई भर्ती का अभाव तथा लगातार जारी सेवनिवृतियों के चलते पिछले 7 वर्षो में 12000 कर्मचारी कम हो चुके हैं। वर्ष 2028 तक मात्र 30000 तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शेष रह जायेंगे जो इतने बड़े संस्थान के संचालन हेतु पर्याप्त नहीं होंगे। दूसरी ओर देश के इस प्रमुख वित्तीय संस्थान में प्रबंधन द्वारा ट्रेड यूनियन को मान्यता प्रदान न किया जाना औद्योगिक जनवाद को कमजोर करता है।

कॉमरेड दास ने माँग की कि एल आई सी कर्मचारियों के 85 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करनेवाले संगठन आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन को तत्काल मान्यता प्रदान की जाए।

सभा को संबोधित करते हुए शहडोल डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन के अध्यक्ष का. अब्दुल हफीज खान ने प्रस्तावित बीमा संशोधन विधेयक को निजी बीमा कंपनियों के पक्ष में राष्ट्रीयकृत बीमा उद्योग की बर्बादी हेतु उठाया गया कदम निरूपित करते हुए कहा कि इस बिल के पारित होने पर देश भर के बीमाकर्मी 1 दिन की हड़ताल कर अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे। हड़ताली सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कठिन हालातों में संघर्ष को आगे बढ़ाने का आव्हान किया।

एसआईईयू के कार्यकारिणी सदस्य का. लियाकत अली ने कहा कि यदि अब भी प्रबंधन द्वारा उचित कदम नहीं उठाया जायेगा तो बीमा कर्मी मार्च के महीने में फिर से 1 घंटे की हड़ताल कर आंदोलन तेज करेंगे। वक्ताओं ने एल आई सी कार्यालयों में चतुर्थ श्रेणी के पदों की जारी आउट सोर्सिंग पर कड़ा रोष जाहिर किया तथा कहा कि देश के प्रमुख वित्तीय संस्थान को ठेकेदारों के हवाले किये जाने की प्रबंधन की नीति का पुरजोर विरोध किया जाएगा। जोरदार नारेबाजी के साथ सभा की कार्यवाही समाप्त हुई। सभा की अध्यक्षता एवं संचालन एस डी आई ई यू के अध्यक्ष का. अब्दुल हफीज खान द्वारा किया गया।



# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मिला हाथी के बच्चे का कंकाल

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर क्षेत्र में एक हाथी के बच्चे का कंकाल मिला है। यह कंकाल सोन नदी के किनारे सेहरा बीट के कक्ष क्रमांक 458 में गुरुवार को पाया गया। कंकाल के पास चमड़े के कुछ अवशेष भी मिले। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने गुरुवार को जारी प्रेस नोट में बताया कि यह स्थान हाथियों के नदी पार करने का रास्ता है। आशंका है कि हाथी का बच्चा नदी पार करते समय दलदल में फंस गया। इसके बाद सोन नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

मगरमच्छ और अन्य मांसाहारी जीवों ने शव को नष्ट किया- मगरमच्छ और अन्य जलीय जीवों ने शव का कुछ हिस्सा खा लिया। इसके अलावा, अन्य मांसाहारी जानवरों ने कंकाल को नदी की सतह से किनारे तक खींच लिया। कुछ अवशेष नदी के अंदर भी पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची। डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम के बाद हाथी के बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक दो लोगों की मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में एक सड़क हादसा हुआ है। कोतवाली थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-43 पर खड़े ट्रक से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों की मौत हो गई, वहीं मृतकों की पहचान कमलेश राजपूत (42) और विजय ठाकुर वानी (50) के रूप में हुई है।




गुरुवार की रात को दोनों पाली से उमरिया की ओर जा रहे थे। उमरिया से करीब 10 किलोमीटर पहले पिपरिया पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। हादसे के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली थाना प्रभारी बालेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कमलेश राजपूत की बिरसिंहपुर पाली फोटो स्टूडियो की दुकान है। उनके परिवार पत्नी और दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा प्रतीक दस वर्ष और छोटी बेटी अनाया सात वर्ष की हैं।

विजय ठाकुर वानी बिरसिंहपुर में साइकिल की दुकान थी। परिवार में पत्नी दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा वरुण की उम्र 22 वर्ष है। बेटी परी की उम्र 16 वर्ष है। दोनों उमरिया से पाली अप डाउन करते हैं।

## सार-समाचार




### भाजपा कार्यालय का नहीं जमा किया बिल तो बिजली विभाग ने कर दी बत्ती गुल

**शहडोल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय के बिजली बिल का भुगतान लंबे समय से लंबित होने के कारण बिजली विभाग ने भाजपा कार्यालय की बिजली गुल कर दी है। बताया जा रहा है कि भाजपा के जिला कार्यालय का 59 हजार का बिजली बिल बकाया है जिसके चलते बिजली विभाग ने कार्यालय का बिजली कनेक्शन काट दिया है। कार्यालय की बत्ती गुल हो जाने से भाजपा नेताओं में हड़कंप मच गया है।

बताया जा रहा है कि भाजपा के जिला कार्यालय का कई माह से बिल बकाया था जिसको लेकर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कई बार कार्यालय के कर्मचारियों से संपर्क कर बिल जमा करने को कहा। लेकिन जब लंबे समय तक बिल जमा नहीं किया गया तो बिजली विभाग ने कनेक्शन ही अलग कर दिया। इस संबंध में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर रंजीत खैरवार ने बताया कि भाजपा कार्यालय का 59 हजार से अधिक का बिजली बिल बकाया है जिसके चलते बिजली लाइन काट दी गई है। उन्होंने कहा कि इसके संबंध में विस्तृत जानकारी वरिष्ठ अधिकारी ही दे सकते हैं।

### शिक्षकों द्वारा निर्मित टी एल एम मेला का आयोजन



**शहडोल, देशबन्धु।** प्री प्राईमरी स्कूल के शिक्षकों के द्वारा निर्मित टी एल एम मेला का 20 फरवरी को विकास खण्ड सोहागपुर, जयसिंहनगर और ब्यौहारी में आयोजित किया गया।

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेशानुसार आयोजित इस मेले का अवलोकन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के प्राचार्य रमाशंकर गौतम और केदार मिश्रा द्वारा किया गया। टी एल एम का निर्माण, भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास और रचनात्मक विकास की अवधारणा को प्री प्राइमरी के बच्चों में विकसित करना है। प्राचार्य डॉ गौतम ने समझाइश देते हुए कहा कि टी एल एम के स्कूल में प्रयोग बच्चों में गुणात्मक विकास, शारीरिक विकास और भावनात्मक विकास होता है। मेले मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

### परिवार गया शादी में, इधर चोरों ने कर दिया हाथ साफ

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले में चोरी है कि रुकने का नाम नहीं ले रही है। चोर लगातार घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। अब चोरी की घटना सोहागपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में हुई है। परिवार पड़ोस में 4 घंटे के लिए घर में ताला लगाकर एक शादी कार्यक्रम में गया हुआ था, वापस लौटा तो घर में चोरी हो चुकी थी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। मौके पर पहुंची पुलिस में पड़ताल शुरू की और आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है ।

सोहागपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के रहने वाले मुमताज अली वन विभाग में वनपाल के पद पर पदस्थ हैं, शिकायतकर्ता मुमताज अली ने बताया कि पड़ोस के मोहल्ले में उनके रिश्तेदार रहते हैं, जिनके घर शादी का कार्यक्रम था,बीती रात्रि वह लगभग 9 बजे घर में ताला लगाकर परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए और रात 1 बजे वापस लौटे तो घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था, जब उन्हों ने अंदर जा कर देखा तो अलमारी में रखे सोने के जेवर एवं नगद 50 हजार चोरी हो चुके थे। इसके बाद उन्होंने इस घटना की जानकारी अपने रिश्तेदारों के साथ-साथ पुलिस को दी जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी पड़ताल शुरू की। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि वन विभाग में पदस्थ वनपाल के घर चोरी की वारदात बीती रात्रि 4 घंटे के बीच हुई है, घटना उस वक्त घटी है। जब परिवार के सभी लोग एक शादी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोर आसपास के ही होंगे, घर से 50 हजार नगद एवं सोने के झुमके चोरी हुए हैं। पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों ब्यौहारी एवं अमलाई थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए की चोरी हुई थी, पुलिस ने अब तक चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल नहीं की है। फिर अब एक चोरी सोहागपुर थाना क्षेत्र में हो गई है।

# भ्रष्टाचार के चलते नौरोजाबाद के मुख्य नपा अधिकारी निलंबित

**उमरिया, देशबन्धु।** शहडोल कमिश्नर सुरभि गुप्ता के निर्देश पर कलेक्टर उमरिया द्वारा जांच कराई गई, जिसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर हुआ। जांच रिपोर्ट आने के बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन सीएमओ ने जवाब नहीं दिया। इस पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण संहिता और अपील नियम 1966 के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

उमरिया जिले के अंतर्गत नौरोजाबाद में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह को निर्माण कार्यों और सामग्री की खरीद फरोख्त में भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। कमिश्नर शहडोल के निर्देश पर उमरिया के कलेक्टर ने मामले की जांच कराई थी।

जांच में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी पाई गई। इसके बाद शहडोल कमिश्नर सुरभि सिंह ने उन्हें निलंबित कर दिया। पूरे मामले की जांच रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह को पत्र जारी कर कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

सात दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था, लेकिन ज्योति सिंह द्वारा कारण बताओ नोटिस का भी जवाब नहीं दिया गया। ज्योति सिंह की कार्यशैली से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का भी लगातार अवहेलना करना पाया गया। सीएमओ के उक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण संहिता के विपरीत एवं दंडनीय हैं। इसी के चलते मध्य प्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 (1) क के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग में लाते हुए कमिश्नर शहडोल सुरभि गुप्ता ने नगर परिषद नौरोजाबाद की सीएमओ ज्योति सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

उमरिया में भी गड़बड़ी सामने आई थी- बता दें, सीएमओ ज्योति सिंह इसके पहले उमरिया नगर पालिका परिषद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी रही हैं। इस दौरान भी इनके द्वारा तमाम कार्यों और खरीदी में व्यापक रूप से गड़बड़ी सामने आई थी। इसके चलते ज्योति सिंह कई अखबारों और चैनलों की सुर्खियों में रही। इस दौरान भी उनके क्रियाकलापों की जांच कराई गई। उसमें भी गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसके बाद उनका स्थानांतरण नगर परिषद नौरोजाबाद के लिए किया गया। वहां भी वह लगातार सामग्री की खरीदी और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी रहीं।

# बाघ ने किया बैल का शिकार, सहम गए पर्यटक

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना टाइगर रिजर्व (पीटीआर) के पर्यटन जोन हिनोता गेट के पास एक रोमांचक नजारा देखने को मिला, जब एक बाघ ने भारी-भरकम बैल का शिकार किया। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद पर्यटक सहम गए, लेकिन साथ ही उन्होंने इसे रोमांचक और दुर्लभ अनुभव भी बताया, क्योंकि बाघ को शिकार करते देखना बहुत ही रेयर घटना मानी जाती है।

घटना के वक्त दर्जनों पर्यटक मौके पर मौजूद थे, जो बाघ को बैल पर हमला करते और कुछ ही पलों में उसे मौत के घाट उतारते देखकर अचंभित रह गए। इस रोमांचक पल को कुछ पर्यटकों ने अपने मोबाइल कैमरों में कैद कर लिया, जिसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



पी 663 नर बाघ ने किया शिकार- बताया जा रहा है कि बैल का शिकार करने वाला बाघ पन्ना टाइगर रिजर्व का पी 663 नर बाघ है। इसने जंगल में घूम रहे बैल पर अचानक हमला किया और कुछ ही समय में उसे मार गिराया। घटना के बाद बाघ को बैल को घसीटकर झाड़ियों में ले जाते हुए भी देखा गया।बाघों की बढ़ती संख्या से बढ़ा रोमांच- पन्ना टाइगर रिजर्व देश-विदेश में बाघों की बढ़ती संख्या के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक बाघों का दीदार करने आते हैं।

पीटीआर की क्षेत्र संचालक अंजना सुचेता तिर्की के अनुसार, रिजर्व में बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है, जिससे पर्यटकों को रोमांचक और दुर्लभ नजारे देखने को मिल रहे हैं।

# महिला की हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



## जादू टोने के शक में की थी वारदात

**सीधी, देशबन्धु।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरहा में जादू-टोने के शक के चलते एक महिला की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने मृतका चिराऊंजिया सिंह पर टोना-टोटका करने का आरोप लगाकर उन पर लाठी-डंडों से हमला किया। घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की है, जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हमले में महिला के पति श्रीमान सिंह, बेटे उदयभान सिंह और पोते पृथ्वीराज सिंह को भी गंभीर चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमलावरों ने परिवार पर किया बेरहमी से हमला-मृतका की बहू आराधना सिंह के अनुसार, पांच लोगों ने मिलकर उसके ससुराल वालों पर जानलेवा हमला किया। मुख्य आरोपी पुष्पराज, दिलीप, संतोष, अजय सिंह और इंद्रभान सिंह सहित अन्य हमलावर ग्राम मेडरा से आए थे। पहले उन्होंने महिला के लकवाग्रस्त पति श्रीमान सिंह को बेरहमी से पीटा और फिर उन्हें पास के पिपरहा मोहल्ले में ले जाकर फिर से मारा। आरोपियों की बर्बरता यहीं नहीं रुकी, उन्होंने महिला और उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर भी निर्ममता से हमला किया।

जादू-टोने के शक में की गई हत्या- प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों को मृतका चिराऊंजिया सिंह पर जादू-टोने का शक था, जिसके चलते उन्होंने इस जघन्य घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण इलाकों में अंधविश्वास और अशिक्षा के कारण ऐसी घटनाएं आए दिन सामने आती हैं, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों को किया गिरफ्तार-घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सीधी एसपी डॉक्टर रविंद्र वर्मा ने बताया कि हत्या में शामिल सभी अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है और उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने के साथ-साथ घटना के पीछे के वास्तविक कारणों की भी जांच कर रही है।

# कक्षा पांचवीं-आठवीं की वार्षिक परीक्षा की समय सारणी जारी

**पन्ना,देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएँ 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4.30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा।

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केन्द्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाए। परीक्षा की समय-सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गयी है।

# अवैध कोयला के साथ दो युवक गिरफ्तार

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की बुढ़ार पुलिस द्वारा अवैध कोयला चोरी एवं परिवहन पर कार्रवाई की गई है। बुढ़ार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की नरगढ़ा नाला के पास की तरफ कुछ व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध कोयला चोरी कर परिवहन करने के उद्देश्य से संग्रहण कर रहे हैं।

सूचना प्राप्त होते ही थाना बुढ़ार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना के स्थान पर दबिश देते हुए उक्त स्थान पर कमलेश प्रजापति उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 05 राजा काम्प्लेक्स के सामने बुढ़ार को प्लास्टिक की 02 बोरी करीब 02 क्विंटल कोयला कुल कीमत करीबन 1,200 रूपये अवैध कोयला कोयला संग्रहण करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त अवैध कोयले को जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बी.एन.एस एवं खनिज/खान अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

इसी तरह बुढ़ार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सैटिन टोला के पास की तरफ कुछ व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध कोयला चोरी कर परिवहन करने के उद्देश्य से संग्रहण कर रहे हैं। सूचना प्राप्त होते ही

थाना बुढ़ार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना के स्थान पर दबिश देते हुए उक्त स्थान पर आरोपी लक्ष्मण प्रजापति उम्र 61 वर्ष नि. नरगढ़ा मोहल्ला वार्ड नं. 04 धनपुरी थाना धनपुरी को करीब 02 क्विंटल 50 किलो कोयला कुल कीमती करीबन 1,500 रूपये अवैध कोयला कोयला संग्रहण करते हुए पकड़ा गया, पूंछताछ कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त अवैध कोयले को जप्त कर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध बी. एन. एस एवं खनिज / खान अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

# बाल श्रमिकों की विमुक्ति एवं पुनर्वास के लिए करें कार्रवाई

**पन्ना,देशबन्धु।** शासन द्वारा आगामी 31 मार्च तक बाल श्रमिकों की विमुक्ति एवं पुनर्वास के लिए विशेष अभियान संचालित करने का निर्णय लिया गया है। अभियान में निरीक्षण एवं जनजागरण के तहत बाल तथा कुमार श्रम विरैली, पोस्टर बैनर इत्यादि के माध्यम से जिले में विस्तृत प्रचार-प्रसार गतिविधियां संपादित की जाएंगी।

अभियान अंतर्गत बाल श्रमिक संभावित संस्थाओं फैक्ट्री, ढाबा, औद्योगिक क्षेत्र, होटल, दुकान सहित संगठित एवं असंगठित क्षेत्र जैसे खदानें, ईंट भट्टे, ऑटोमोबाइल, रेक पिकिंग, स्क्रेप मार्केट, ऑटो गैरेज एवं निर्माण क्षेत्रों में बाल श्रम उन्मूलन के लिए जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण व पुनर्वास की कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के तहत प्रावधानों के उल्लंघन पर दोषी नियोजकों के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों से आवश्यक सहयोग का आग्रह किया गया है।

# शहडोल में रविवार को होगा मुस्लिम सम्मेलन

## नेशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी का आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** नेशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार 23 फरवरी को मुस्लिम सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह मुस्लिम सम्मेलन सोहागपुर स्थित मौलाना आजाद स्कूल परिसर में 23 फरवरी रविवार को दोपहर दो बजे से आयोजित है।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. मरियम बोहरा (संचालक, हॉतमी हॉस्पिटल शहडोल), सुफियान खान पूर्व पार्षद व समाजसेवी और कार्यक्रम आयोजक व नेशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शानउल्ला खान ने सम्मेलन के संबंध में संयुक्त रूप से बताया कि मुस्लिम समाज की तरक्की के लिए शहडोल में इस मुस्लिम सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन समाज में तय किया जाएगा की समय के अनुसार किस तरह से छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर कैसे प्रदान किया जाए, दीनी तालीम एवं मदरसा कैसे और कहां संचालित किए जाएं और कृषि को पसंद करने वाले नौजवानों के लिए क्या किया जाए।

उन्होंने यह भी बताया कि नेशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी द्वारा कई अन्य सामाजिक कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें बैतुलमाल बनाना, मोहल्ले में पॉलीक्लीनिक का बनाना, समाज।के लिए लीगल एडवाईजर नियुक्त करना, तालीम के लिए लाईब्रेरी बनाना, छात्र-छात्राओं के लिए कंप्यूटर कोचिंग सेंटर खोलना, खेलकूद के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं को खेल सामग्री की व्यवस्था करना, खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आए इस हेतु खेल मैदान तैयार करना, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सहित कई अन्य कार्य शामिल हैं।

नेशनल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष शानउल्ला खान, डॉक्टर मरियम बोहरा और सुफियान खान ने समाज के लोगों से गुजारिश की है, कि इस मुस्लिम सम्मेलन में पहुँचकर अपना कीमती समय व सुझाव दें। उन्होंने बताया कि ख्वातीन (महिलाओं) के बैठने की व्यवस्था अलग से की गई है।